हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 24 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 24.6 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री



12 करोड़ों की सड़क में दरार लगा रहे डामर का लेप



13 भक्ति में डूबे रामभक्तों ने मनाया दीपोत्सव



## खबर संक्षेप

### मिलन समारोह 28 को

**भिलाई।** बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-7 भिलाई नगर भूतपूर्व छात्र (1974 बैच) का मिलन समारोह 28 जनवरी को सुबह 10:30 बजे आयोजित किया गया है। सेक्टर-7 विद्यालय में 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें गुरूजनों का सम्मान किया जाएगा।

### जुआरियों से 12 हजार जब्त

**भिलाई।** जुआ खेल रहे युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राम नगर मुक्तिधाम शुलभ के पास कुछ युवकों द्वारा जुआ खेलने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर वार्ड 27 कैम्प 1 निवासी जैकी उर्फ जानू, बधारु गली शिवाजी मार्ग रफीक बेग, तीन कुंआ कैम्प 1 अनिल वर्मा, वार्ड 27 कैम्प 1 पंकज कुमार, आदित्य, वार्ड 6 रामनगर विभीषण ठाकुर को गिरफ्तार किया।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** फर्जी बैंक कर्मचारी बनकर लिंक भेजकर ठोगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सेक्टर 10 निवासी कविता दुबे के मोबाइल पर अज्ञात एसबीआई बैंक कर्मी का कॉल आया था। केवाईसी अपडेट करने के नाम पर कविता को एक लिंक भेजा गया था। लिंक खोलते ही महिला के खाते से तीन लाख रुपए गायब हो गए थे। शिकायत के बाद साइबर की टीम ने ठगी करने वाले की पतासाजी में जुट गई। पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्य जुटाकर टीम देवकर झारखंड पहुची। जहां से टीम ने ग्राम दिली पत्थर के आरोपी के बारे में पतासाजी में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बुढ़ैर थाना की सहायता से डिलवरी बॉय बनकर पार्सल देने के बहाने आरोपी जैकी कुमार मंडल को पकड़ा गया। इस कार्रवाई में एएसपी क्राइम डॉ अनुराग झा की टीम का योगदान रहा है।

### सेल गौरव दिवस पर आज विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** सेल गौरव दिवस पर बुधवार को बीएसपी द्वारा शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। 40 कार्यपालक एवं 626 गैर कार्यपालकों को संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में सम्मानित किया जाएगा। डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता, दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित करेंगे। जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।

**बेहाल मौसम:** दो दिन तक बनी रहेगी ऐसी स्थिति

# चार डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान
# बारिश व बदली से कंपकंपाई ट्विनसिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह से ही कोहरा छाया रहा और हल्की बारिश होने लगी। करीब 11.30 बजे आधा घंटे तक बारिश हुई। उसके बाद से पूरे दिन आसमान पर बादल छाए रहे।

इस दौरान हल्का कोहरा भी पूरे समय तक रहा। बारिश और बदली से ट्विनसिटी कंपकंपा गई है। लोगों के जनजीवन पर भी असर दिखाई दिया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। इसलिए न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। जिससे ठंड और बढ़ने लगेगा।



### उत्तर से आ रही ठंडी हवाएं

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य महाराष्ट्र और उससे लगे विदर्भ तथा तेलंगाना के ऊपर 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आ रही हैं, जबकि दक्षिण से नमी युक्त अपेक्षाकृत गर्म हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के मध्य भाग में बादल छाए हुए हैं तथा हल्की वर्षा की स्थिति बनी है।

### आज मौसम रहेगा शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग सहित प्रदेश में 24 जनवरी को स्थिति में परिवर्तन होते हुए दक्षिण से आने वाली हवा का प्रभाव मध्य छत्तीसगढ में कम होने के कारण मध्य छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रहने की संभावना है । आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना बनी हुई है ।

### चार डिग्री सेल्सियस गिरा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। इसलिए ठंड बढ़ गई। न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट और संभावित बताई है। इस हिसाब से न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। वहीं अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है ।प्रदेश में एक-दो स्थानों पर स्थानों पर हल्की वर्षा होने की सम्भावना है ।वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिले संभावित है।

### ठंड की विदाई में ऐसा ही बदलाव



“ जनवरी महीने में ठंड की विदाई शुरू हो जाती है। इसलिए मौसम में ऐसा ही बदलाव होता है। जिसे मौसम का संक्रमणकाल भी कहते हैं। बदली, हल्की बारिश और मौसम का अचानक खुलने की स्थिति 27 जनवरी तक संभावित है।

**-एचपी चंद्रा,** मौसम विज्ञानी, लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र छग

### मार्केट रहा बेहाल

बारिश, बदली और पूरे दिन चली कंपकंपाती हवाओं का असर ट्विनसिटी पर दिखा। लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। हवाएं सुर्री सी चलती रही। जिसकी वजह से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। सरकारी दफ्तर भी सूने रहे। दुर्ग-भिलाई का मार्केट भी बेहाल रहा। आम दिनों में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं लेकिन मंगलवार के दिन कम लोग पहुंचे। जरूरी होने पर ही लोग अपने घरों से मार्केट तक आए। सड़कों पर आवागमन भी कम दिखाई दिया।

### 25 जनवरी को खुलेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 25 जनवरी को मौसम खुल सकती है। लेकिन 26 जनवरी को फिर से आसमान पर बादल छाए रहेंगे। जो एक या दो दिनों तक रहेगा।इस तरह मौसम जाते-जाते भी लोगों को ठंडी का एहसास कराएगा। जिस हिसाब से मौसम में उतार-चढ़ाव चल रहा है उससे यही अनुमान है कि ठंड जल्दी नहीं जाएगी। इस महीने इसी तरह की स्थिति रह सकती है।

### सेहत का रखें ध्यान

मौसम बदलने से लोगों के सेहत पर भी असर पड़ने लगा है। डॉक्टरों ने इस मौसमी बारिश से बचने की सलाह दी है। उनका कहना है कि बारिश व कंपकंपती ठंड से खुद को बचाना जरूरी है। नहीं तो बीमार पड़ सकते हैं। सर्दी, खांसी, बुखार और शरीर में दर्द जैसी तकलीफे आ सकती है।

शिवम हत्याकांड

# आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



तीन पहले हुए स्कूली छात्र के हत्याकांड के चार युवकों का पुलिस ने जुलुस निकाला।

पुलिस के जुलूस निकालने से अन्य अपराधियों में खौफ बना रहेगा। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि शारदापारा कैम्प 2 निवासी छात्र शिवम साव की हत्या संतोषीपारा कैम्प 2 निवासी अंकेश चौहान उर्फ बाबू, चंद्रेश प्रधान उर्फ छोटे, राहुल कुमार प्रजापति उर्फ भोला , सुमित चौहान और एक अपचारी बालक ने मिलकर हत्या करना आरोपियों ने स्वीकार किया है। 21 जनवरी की रात संजय टेंट हाउस की वाहन टाटा एस को संतोष साव पीछे कर रहा था। तभी युवक बाइक से आ रहे थे। इस दौरान बाइक टाटा एस के पीछे से टकरा गई। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अपचारी बालक समेत 5 युवक पहुचकर संतोष साव और नौकर गज्जू निर्मलकर से मारपीट करना शुरु कर दिया। मौका पाते ही एक युवक ने शिवम साव के पेट पर चाकू घोंप दिया।

घटना में गज्जू निर्मलकर को भी चाकू से हाथ में चोट आई है। छात्र शिवम को चोट लगने की जानकारी लगने पर परिजनों ने तुरंत उसे सुपेला के निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। लेकिन उसकी अस्पताल में मौत हो गई।

### आरोपियों के घर नोटिस

वैशाली नगर विधायक के अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के ऐलान के बाद विगत दिनों शारदा पारा में बारहवीं के छात्र की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों के निवास के दस्तावेज जांच के लिए निगम प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया है। सभी को तीन दिन के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नगर पालिक अधिनियम 1956 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### टीम ने चंद घंटों में आरोपियों को पकड़ा

एएसपी अभिषेक झा, सीएसपी आशीष बंछोर के मार्ग दर्शन में टीम बनाई गई। जिसमें छावनी प्रभारी सोनल ग्वाला, उनि वरुण देवता, अजय सिंह, सउनि उदयशंकर झा, प्रधान आरक्षक मुरलीधर कश्यप, जसपाल सिंह, आनंद तिवारी, रामनारायण यदु, आरक्षक संजय सोनी, अखिलेश मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, जीत नारायण, त्रिलोक भाठी, आकाश तिवारी, पंकज राय, मनोज सिंह को शामिल किया गया। सूचना पर पुलिस ने देर रात को ही आरोपी अंकेश चौहान उर्फ बाबू, चंद्रेश प्रधान उर्फ छोटे, राहुल प्रजापति उर्फ भोला, सुमित चौहान पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि शिवम की हत्या चाकू घोंपकर करना स्वीकार किया। घटना में धारदार चाकू बाबू चंद्रेश प्रधान उर्फ छोटे के निशादेही पर जप्त किया गया।

# बीएसपी में फिर हादसा, एक कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को हुए हादसे में एक कर्मचारी गंभीर रुप से घायल हो गया । वहीं एक अन्य मजदूर ने कूदकर अपनी जान बचाई। घायल कर्मी को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसपी के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में जनरल शिफ्ट में कर्मचारी राम साची गुप्ता 48 अपने साथी के साथ मेंटेनेंस का कार्य रोलिंग टेबल पर कर रहे थे। अचानक किसी ने टेबल को चालू कर दिया। किसी ने टेबल को चालू कर दिया। इससे रोलर टेबल में फंसने से पूरी तरह से ट्विस्ट कर गया है। कर्मचारी रामसाची गुप्ता का पैर फंसने से बुरी तरह घायल हो गया। मशीन में उसका पैर इतनी बुरी तरह फंसा था के सेफ्टी टीम को बाहर निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं साथ में काम कर रहे एक अन्य ठेका मजदूर मान सिह 43 ने कूदकर अपनी जान बचाई। घायल गुप्ता को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाए गया। लेकिन गंभीर हालत देखते हुए सेक्टर नौ हास्पिटल ले जाया गया। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। मान सिंह की उंगली का एक्सरे किया गया है । वह एके कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के अधीन काम करता है।

■ ठेका मजदूर ने कूदकर बचाई जान

### यूनियनों ने पुख्ता सेफ्टी की मांग की

यूनियन पदाधिकारियों ने सेक्टर 9 हास्पिटल जाकर घायल कर्मचारी के बेहतर इलाज की मांग की। साथ ही ठेका मजदूर का भी हाल जाना। यूनियनों हादसे की वजह लापरवाही बताई है। उन्होंने रेल मिल हादसे को लेकर बड़ा सवाल उठाया गया है। कहा कि जब भी मेंटेनेंस कार्य किया जाता है तब संबंधित विभाग को सूचित किया जाता है। मेंटेनेंस के कार्य के दौरान आखिर कहां चूक की गई, यह जांच का विषय है। कर्मचारी की जान जा सकती थी। सेफ्टी को लेकर प्लांट में जितना शोर मचाया जा रहा है, वास्तव में जमीनी हकीकत कुछ अलग ही है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक दौड़ बेटियों के नाम आज

**भिलाई।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना (बीबीबीपी) अंतर्गत 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समय प्रातः 8 बजे से एक दौड़ बेटियों के नाम आयोजित है। इस कार्यकम का उद्देश्य बालिकाओं के मध्य उच्च शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाकर खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बालिकाओं के मध्य दौड़ आयोजित कराया जाना है, जो कि सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर चौक से पुनः सेक्टर-9 चौक में समापन किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं विधायक/जनप्रतिनिधि एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (लोगों) का हाइड्रोजन बैलून उड़ाकर प्रारंभ किया जावेगा एवं हरी झण्डी दिखाकर रथ रवाना किया जावेगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक दौड़ बेटियों के नाम कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागी स्कूल शिक्षा विभाग की बालिकाएं, युवोदय दुर्ग के दूत के बालिकाएं एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त कर्मचारी एवं शहर के अन्य नागरिक द्वारा भी भाग लिया जावेगा। एक दौड़ बेटियों के नाम कार्यक्रम में शामिल होने वाले लगभग 1600 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5 हजार 1 रूपये का चेक, द्वितीय को 3 हजार 1 रूपये का चेक, तृतीय को 2 हजार 1 रूपये का चेक, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1 हजार 1 रूपये व सांत्वना पुरस्कार के रूप में 50 प्रतिभागियों को ट्राफी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (लोगो) का प्रदान किया जावेगा।

**बीएसपी सेवानिवृत्त 29 सदस्यों का हुआ सम्मान**

# छग साख समिति ने बांटे 15.73 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति सेक्टर 1 भिलाई में कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त हुए संस्था के सदस्यों को चेक प्रदान किया गया।सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के संचालक शैलेन्द्र कुमार थे।

विशेष अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व सदस्य खिलावन साहू प्रत्यायुक्तगण हेमन्त नेताम, देवेन्द्र हरदावना एवं प्रबंधक जगनीक यादव थे।कुल 29 सदस्यों को 15 लाख 73 हजार 461 रूपए का चेक प्रदान किया गया।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में संस्था के वरिष्ठ सदस्य खिलावन साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ सहकारी समिति समिति बीएसपी कर्मचारियों के लिए वरदान साबित हुआ है।इस संस्था से सदस्यों ने कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होने से बच्चों के उच्च शिक्षा शादी मकान निर्माण जैसे कार्य करने में आसानी हुआ है। मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि सदस्यों ने समिति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज संस्था प्रगति पर है। इसका मुख्य कारण सदस्यों का समिति के समर्पण भाव है। वर्तमान प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी सदस्य गण सीमित सदस्यों में भी अपने कुशल नेतृत्व से संस्था के पूंजी को स्थापित करने में सफल हुए है।



### इन सदस्यों को मिला चेक

छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति ने इन सदस्यों को चेक प्रदान किए। जिसमें मोहन लाल साहू ,मनहरण लाल,डुलेश्वर प्रसाद साहू ,शोभराय ठाकुर, रमेश कुमार, यशवंत चन्द्राकर, अनिल कुमार खोब्रागढ़े, अगस्त राम, सुरेश कुमार मंडावी, उदय सिंह तारम, मेहत्तर राम वर्मा, राजेन्द्र कुमार तंबोली, खोमन सिंह पटेल, डा. अकिल धर बैनर्जी, दिनेश कुमार साहू, बिसाहू राम साहू ,उत्तम कुमार ठाकुर, बिंदेश्वरी साहू, भुपेंद्र कुमार, ढेलू राम, श्रवण कुमार, तरूण कुमार स्वर्णकार स्व.राजेश कुमार राठौर के उत्तराधिकारी श्रीमती राधिका राठौर, प्रवीण कुमार घोष, बी मोहन राव, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, दीपक कुमार पाण्डेय, लेख सिंह राणा एवं नरोत्तम लाल शामिल है।



## खबर संक्षेप



### सोसायटी के सदस्यों ने लगाया शमी का पौधा

**दुर्ग।** आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा शिवनाथ नदी के पावन तट पर पुराने शिव मंदिर परिसर में पुजारी राजू शर्मा महाराज, बालकृष्ण थापा सहित दर्शनार्थियों के सहयोग से शमी का पौधा लगाया गया। ग्रीन केयर अध्यक्ष एवम राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग के वरिष्ठ सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने शमी पौधारोपण पश्चात शमी के महिमा का वर्णन करते हुए इसकी जानकारी दी।

### सद्भवना दौड़ आज

**दुर्ग।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 24 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समय प्रातः 8 बजे से एक दौड़ बेटियों के नाम आयोजित है। इस कार्यकम का उद्देश्य बालिकाओं के मध्य उच्च शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाकर खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बालिकाओं के मध्य दौड़ आयोजित कराया जाना है, जो की सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर चौक से पुनः सेक्टर-9 चौक में समापन किया जाएगा।

## निधन

### अशोक अग्रवाल



**दुर्ग।** शहर के कसारीडीह, दुर्ग निवासी अशोक अग्रवाल (नोटरी) का आकस्मिक दुखद निधन 23 जनवरी 2024 को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे उनके निवास से हरनाबांधा मुक्ति धाम निकाली गई।

# अधिवक्ता संघ की चुनावी हलचल, पर्व के बहाने जता रहे दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दो साल के लिए होने वाले जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव इन दिनों जोर पकडने लगा है। भले ही चुनाव की तारीख का ऐलान नही हुआ है। लेकिन दावेदार खुद को मेलजोल के बहाने खूब प्रदर्शित कर रहे है। परिसर में नया साल हो या त्यौहार का पर्व शुभकामनाओं के बहाने मतदाताओं तक पहुंचने जोर लगा रखे है।

उल्लेखनीय है कि, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीता जैन के दो साल वाले कार्यकाल की समाप्ति के बाद नए सिरे चुनाव होगा। इसके लिए चुनाव अधिकारी की घोषणा होने के बाद तारीखों का फिलहाल इंतजार है। लेकिन यहां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे दर्जनभर पदों के लिए दावेदारों की मानों फौज खडी हो गई है। चुनाव अधिकारी की घोषणा होने के बाद से ही आगामी 2 वर्षीय चुनाव को लेकर न्यायालय परिसर में हलचल तेज हो चुकी है व भावी प्रत्यशियो के द्वारा अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए मेल-मुलाकात शुरू कर दिया गया है। विभिन्न पदों पर अब तक जो नाम उभरकर सामने आ रहे है। जिसे लेकर चर्चा का विषय भी इन दिनों बना हुआ है।

## दो साल के कार्यकाल के लिए फिर होगा चुनाव, दावेदारों ने ठोकी ताल, तारीख का इंतजार

### अध्यक्ष नीता और रवि होंगे रिपीट

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीता जैन एक बार फिर चुनाव लड सकते है। इसके आलावा सचिव पद के लिए रविशंकर सिंह के नाम सामने आए है। अध्यक्ष के लिए शिव शंकर सिंह, गुलाब सिंह पटेल, कमल नयन चतुर्वेदी, चेतन तिवारी है। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रशांत जोशी (वर्तमान उपाध्यक्ष), कृष्ण राज चंदेल (वर्तमान सह सचिव), अनिल मसीह, अमित भट्ट हैं। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए सुश्री सुनीता कसार (वर्तमान महिला उपाध्यक्ष), पूजा मोंगरी, उमा भारती साहू (वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य) मोनिका सिंह (वर्तमान सांस्क्रतिक सचिव) ललिता जोशी सोनी, निशा गौड़ के नाम सामने आ रहे है।




**कार्यकारिणी के लिए महिलाओं की रूचि :** कार्यकारिणी सदस्य के लिए पुरूष के पांच पद के लिए नितेश कुमार साहू, शिव कुमार उइके, रविश राजपूत, अजय शर्मा, कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, गणेश ध्रुवंशी है, वही महिला के एक पद के लिए अनामिका गुहा, दमयंती चंद्राकर उर्फ रमा के नाम उभरकर सामने आया है

### सचिव के लिए 3, सहसचिव आधा दर्जन

अधिवक्ता संघ के सचिव पद के लिए रविशंकर सिंह (वर्तमान सचिव), रेखा राय, सुखदेव सिंह भोगल है, वही सह सचिव पद के लिए राकेश यादव, हेमन्त मिश्रा, राजेश मिश्रा, कविता गिरी गोस्वामी, राकेश यादव, दिनेश सिंह राजपूत के नाम चल रहे है। इसके आलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिल जायसवाल (वर्तमान कोषाध्यक्ष), मनोज मिश्रा, संतोष देवांगन, मनोज मून, तारकेश्वर साहू और ग्रंथालय सचिव के लिए बजरंग श्रीवास्तव, शुभम जैन व सांस्क्रतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद पर रविशंकर मानिकपुरी, संजय विश्वकर्मा, अभिलाषा वर्मा के नाम चल रहे हैं।

## विडंबना : जिले में डेढ़ सौ मिलर फिर भी धान उठाव में तेजी नहीं

# जिले के 61 उपार्जन केन्द्र में क्षमता से दोगुना धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के बाद 72 घंटे के अंदर उठाव का नियम होने के बाद भी मिलरों द्वारा रूचि नही दिखाए जाने के कारण जाम के हालात निर्मित है। जिले के 61 उपार्जन केन्द्र में धान रखने की जगह नही है। यहां क्षमता से दुगूना धान होने के कारण प्रबंधको को नुकसान की चिंता जहां सता रही है, वही मौसम खराब होने के चलते नुकसान की भी आशंका है।

जिले के उपार्जन केन्द्रों में जगह के अनुसार धान रखने की क्षमता निर्धारित कर दिया जाता है। तय निर्धारित क्षमता से भी अधिक 61 उपार्जन केन्द्रों में धान जाम है। यहां पर्याप्त कैंप कव्हर नही होने के चलते प्रबंधक परेशान है। जिले में अब तक 55 लाख क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। जिले के पंजीकृत 110945 किसानों में 102741 ने धान बेच दिया है। बहरहाल 8204 किसानों ने अभी भी धान नही बेचा है। इधर मिलरों की बात करे तो उन्हें 47 लाख क्विंटल धान उठाने के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। जिसमें मिलरों ने अब तक सिर्फ 39 लाख क्विंटल का ही धान उठाया है। इस तरह कुल खरीदी के मुकाबले मिलरों ने 75 फीसदी धान उठाया है।

## जिले को छोड़ मिलरों को धान उठाने बाहर भेज रहे, प्रबंधकों में आक्रोश

### सिर्फ पांच दिन शेष, आठ हजार किसान बाकी

जिले में आठ हजार से अधिक किसानों ने अब तक धान नही बेचा है। किसानों के पास आगामी 31 जनवरी तक सिर्फ पांच दिन ही शेष है। आगामी दिनों शनिवार और रविवार के आलावा 26 जनवरी के चलते सिर्फ पांच दिन ही रह गए है। ऐसे में इन सभी किसानों से धान की खरीदी करना प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है। प्रबधको की माने तो जाम होने के चलते टोकन जारी नही कर रहे है।



### मौसम ने डाला अड़ंगा

किसानों के पास सिर्फ गिनती के ही दिन शेष है। ऐसे में मौसम खराब होने के चलते सैकडों किसान धान बेचने से वंचित हो गए है। मौसम में आई तब्दीली के चलते मंगलवार को सिर्फ 56 उपार्जन केन्द्रो में ही किसानों से धान की खरीदी की गई है। वही आगे खरीदी कब शुरू होगी, यह भी प्रबंधक नही बता रहे है। प्रबंधको का कहना है कि, अब मौसम साफ होने के बाद खरीदी होगी। जिसके चलते किसान परेशान है।

**इन केन्द्रों में क्षमता से अधिक धान**

जिले के नंदौरी, नवागांव, पथरिया, नारधा, निपानी, पंदर, पेण्ड्रावन, पाहरा, फेकारी, फुन्डा, बरहापुर, बिरेझर, बोरिद, भेड़सर, भरर, भिलाई 3, मुरमुंदा, मांटरा, मोहरेंगा, रसमड़ा, रहटादाह, पेण्ड्री (कुटहा), राजपुर, रौंदा, सांकरा, सावनी, सोनपुर, सोरम, अंडा, अहेरी, आलबरस, ओटेबंद, कन्हारपुरी, कुम्हारी, करंजा भिलाई, कुर्मीगुण्डरा, केसरा, कोडिया, कोडिया (दुर्ग), कोलिहापुरी, खिलौराकला, तुमाकला, गोढ़ी, घुघुवा, घोटवानी, भाठाकोकड़ी, हिरेतरा, जमराव, झींट, ठेंगाभाट, दारगांव, डगनियाँ, डीडाभाठा, डोड़की, तारा, तेलीगुंडरा, तिरगा, थनौद, देवरी, दमोदा, नगपूरा उपार्जन केन्द्र में जगह नही है।

# करोड़ों की सड़क में दरार लगा रहे डामर का लेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शिवनाथ नदी के किनारे महमरा होकर अंजोरा चौक तक करोडो की लागत से बनी सडक में बार बार दरार आने की शिकायत सामने आ रही है। ठेकेदार की घटिया गुणवत्ता के कारण आय दिन यहां सडक दो भागों में बंट रहा है। मंगलवार को कुछ मजदूर सडक के बीच आई दरार में डामर का लेप भरते नजर आए।

इससे पहले भी सडक के बीच दरार आने से यह दो भागों में बंट गया था। उस दौरान सीमेंटीकरण वाले इस सडक में बीचों बीच डामर

- सालों से नहीं किया गया मेटेनेन्स

का लेप लगाया गया था। और उपर से रेत भर दिया गया था। लेकिन यह ज्यादा दिन नही चलकर एक बार फिर घटिया निर्माण की पोल खोल दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के ईई आशोक श्रीवास को उनके मोबाइल नंबर पर काल किया गया। लेकिन वे हमेशा की तरह फोन नही उठाए। जिसके चलते उनका पक्ष नही आ पाया। हाईवे में वाहनों का दबाव होने के कारण ज्यादातर लोग नदी रोड होकर महमरा से हाईवे तक पहुंचते है। लेकिन यहां बनाई गई सडक को लेकर महमरा ग्रामवासी आक्रोशित है।

### दो किमी तक लंबी दरारें

अंजोरा चौक के आगे आने पर नगपुरा चौक के आगे यह दरारे उभरकर दिख रही है। जो आगे दो किमी तक साफ दिख रहा है। पूर्व में सडक के किनारे नालियां भी बनाई गई थी। जिस पर फिर से निर्माण कर नालियां ही बंद कर दिया गया है।

### 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरु

दुर्ग। जिले के प्रत्येक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के अंतर्गत चिन्हांकित 4-4 ग्रामों में 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 दिवसीय शिविर 22 जनवरी सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित की जा रही है।

# गंजपारा में मनी दिवाली, देखा लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



गंचपारा चौक में 22 जनवरी अयोध्या धाम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिवस प्रातः 9 बजे सत्तीचौरा हनुमान मंदिर में विराजमान श्री राम दरबार का अभिषेक, पूजन, प्रातः 10 बजे माँ दुर्गा मंदिर में विराजमान श्री राम दरबार का अभिषेक एवं पूजन, दोपहर 12 बजे 56 भोग लगाया गया। समित्ति के डब्बू चंद्रवंशी एवं गुड्डू कश्यप ने बताया कि, पूरे गंजपारा को भगवा रंग के तोरण, विशेष आकर्षित लाइट, एवं बड़े बड़े बोर्ड से सजाया गया है, जो कि आकर्षण बना हुआ है। श्री राम दरबार की छोटे छोटे बच्चों द्वारा झांकी बनाई गई। बाल रूप में बजरंग बली पूरे दिन नाचते रहे, जिसे धर्मप्रेमी भी झूमते रहे। कार्यक्रम में गंजपारा वासियों को श्री अयोध्या मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र साहू, अशोक राठी, महेश टावरी, मनोज गुप्ता लाला, पिंकी गुप्ता, राजेश शर्मा, मनोज भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, ललित शर्मा,अशोक गुप्ता, इंद्राणी कुलेश्वर साहू, पार्षद, ऋषभ जैन पार्षद, विनय मिश्रा, गोपाल शर्मा, राहुल शर्मा, ईशान शर्मा, अर्जित शुक्ला, योगेन्द्र शर्मा बंटी, प्रकाश सिन्हा, नरेंद्र गुप्ता, बसंत शर्मा, विजय मनहरे, सोनल सेन, प्रशांत कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने असम के सीएम का पटेल चौक में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ प्रदेश काँग्रेस के अध्यक्ष दीपक बेज के निर्देश पर असम में भारत जोडो न्याय यात्रा के दौरान शंकर जी के देव स्थल मंदिर पर प्रवेश नही देने पर काँग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। पटेल चौक में असम के मुख्यमंत्री डॉ हेमंत बिश्वा शर्मा का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि, असम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को बैरिकेड लगाकर रोक दिया गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की बुलंद आवाज से डरी-सहमी असम सरकार ऐसी कायर और शर्मनाक हरकतों से बाज नहीं आ रही। इस दौरान आरएन वर्मा, गया पटेल, ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, अनुप वर्मा, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, नासीर खोखर, ब्रिजमोहन तिवारी, आनंद कपूर ताम्रकार, युवा कॉग्रेस महासचिव मोहित वालदे, केडी देवांगन, अशोक मेहरा, अनिस मताई व अन्य उपस्थित थे।

# गर्ल्स कॉलेज में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा नेताजी

- नेताजी सुभाषचंद्र बोस के संबंध में दी गई जानकारी

सुभाषचन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कमुन वर्मा, अतिथि प्राध्यापक इतिहास, डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3



मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि आज का दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेताजी ने आजादी के संघर्ष में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि नेताजी ने ही सबसे पहले गाँधीजी को राष्ट्रपिता कहा था। उन्होनें अण्डमान निकोबार द्वीप को स्वराज द्वीप एवं शहीद द्वीप का नाम दिया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्षन प्रभारी प्राध्यापक लावेन्द्र कुमार साहू ने किया।

## नेताजी 127वीं जयंती पर किए गए याद

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के पीजी डिप्लोमा इन योग विभाग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती पर उन्हें नमन किया गया। प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा ने कहा कि नेताजी ने भारत की आजादी के लिए कड़े संघर्ष किया और भारत में स्वतंत्रता के लिए उनकाअतुलनीय योगदान सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे।



सहायक प्राध्यापक पंकज यादव ने कहा कि नेताजी का जीवन का प्रत्येक पल इस देश को समर्पित था। देष को आजादी दिलाने के उनके प्रयासों के फलस्वरूप उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया। कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव व समस्त प्राध्यापकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री आदर्श महिला समिति ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन, प्रतियोगिता भी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री आदर्श महिला समिति के कर्मचारी नगर दुर्ग के तत्वावधान में हल्दी कुकु का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमला बाई मेश्राम थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमिला खापर्डे थी। इस दौरान महिलाओ को हल्दी कुमकुम लगा कर तिल गुड देकर वान दिया गया। वही म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम राधिका यादव, द्वितीय रजनी थी। कार्यक्रम का संचालन समिति की अध्यक्ष इन्दु ढोक ने किया। समापन समिति की सचिव बबीता रोडगे ने किया। कार्यक्रम में ललिता, शोभा ढारगावे, पूर्णिमा टंडन, विशाखा खापर्डे, बबीता रोडगे, अर्निका, ज्योति वासनिक, श्रीदेवी, वैशाली मेश्राम आदि महिला उपस्थित थीं।



## समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जिले के मिलरों के धान के स्टॉक का हो सत्यापनः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने समीक्षा बैठक में खाद्य नियंत्रक को मिलरों के धान के स्टाक का

- विभिन्न विभागों की कलेक्टर ने ली जानकारी

सत्यापन करने निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी के साथ ही विभागीय कार्यो में कसावट लाने अधिकारियों को निर्देश दिए है।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी हेतु अधिकारियों को सौंपे गये कार्यों के अनुरूप संपूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्हाने कहा कि जिन विभागों द्वारा झांकियों की प्रस्तुति होना है वे वाहन की उपलब्धता के लिए जिला परिवहन अधिकारी को अवगत कराए। धान खरीदी की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले के 92 प्रतिशत किसान धान बेच चुके हैं, वहीं 88 प्रतिशत किसानों ने रकबा समर्पण किया है। धान को सुरक्षित रखने केन्द्रों में डेनेट व्यवस्था और केप कव्हर की समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य नियंत्रक को पंजीकृत ट्रेडर्स का स्टॉक जांच कराने और 10 जनवरी तक कटे डीओ के आधार पर धान का उठाव हेतु मिलर्स का सत्यापन कराने निर्देशित किया।

### मतदाता जोड़ने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत ए.एस.डी., पी.एस.ई., डी.एस.ई. और एस.एस.आर. का समीक्षा करते हुए अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत्यु के संबंध में विधानसभावार क्रॉस चेक कराने पश्चात वास्तविक होने पर ही सूची से नाम हटाने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लाये प्रगति उन्होने राजस्व प्रकरण संबंधित विवादित, नामांतरण, खाता विभाजन, व्यपर्तन, सीमांकन, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, तहसीलवार समीक्षा करते हुए समय-सीमा के अंदर प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा फील्ड विजिट के दौरान अधिकारी उन्हें सौंपे गए अन्य कार्यों का भी निरीक्षण करने सुनिश्चित करें।



### नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से

कलेक्टर द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य समीक्षा के दौरान खाद्य नियंत्रक ने अवगत कराया कि 25 जनवरी से 29 फरवरी तक राशन कार्ड नवीनीकरण होना है। उचित मूल्य दुकान स्तर पर राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु एप खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक मॉड्यूल में उपलब्ध होगा। एप एन्ड्राइड आधारित मोबाईल/टेबलेट में सफलतापूर्वक इंस्टॉल कर खाद्य पोर्टल में उपस्थित लिंक द्वारा हितग्राही स्वयं आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आयुष्मान कार्ड वितरण हेतु अभियान

जिले में आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 80 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। उन्होने जनपद सीईओ को ग्राम पंचायतवार व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों में वार्डवार विशेष अभियान चलाकर हितग्राहियों को कार्ड वितरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पंचायत और नगरीय निकायों के शिक्षकों का एरियर्स भुगतान के संबंध में जनपद सी.ई.ओ. और जिला परियोजना अधिकारी डूडा को जांच करने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधितों को राशि भुगतान हेतु निर्देशित किया।

# प्रभात फेरी निकाली गई



**दुर्ग।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सुभाष स्कूल के विद्यार्थियों ने कैलाश नगर से शहीद चौक ग्रीन चौक तक प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जीके अरोरा, अतिथि विश्वजीत हरोडे, आत्माराम साहू एवं नेताजी सुभाष स्कूल की प्रिंसिपल व अन्य शिक्षकों द्वारा पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**दुर्ग।** 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 का आयोजन बीआईटी ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस हेतु थीम ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम निर्धारित किया गया है। मतदाता दिवस का आयोजन समस्त मतदान केंद्रों एवं तहसील मुख्यालयों में भी किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश उपाध्यक्ष बने प्रवीन

**भिलाई।** जन मानस कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र



शर्मा दिप्पन के निर्देशानुसार प्रवीन सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनोनीत किया गया है। दिप्पन ने कहा कि संस्था उम्मीद करती है कि जन मानस कल्याण संस्थान के तत्वावधान में टीम पुलिस इंडिया रिफॉर्म का हिस्सा बनकर राष्ट्र की आन्तरिक ताकत को मजबूती देनी में अपना अमूल्य योगदान दे टीम के उद्देश्यों में सकारात्मक परिणाम बनेंगे। संस्था के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## निधन

### शांति देवी गुप्ता

**भिलाई।** सेक्टर -10 व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



रामकुमार गुप्ता की मां शांति देवी गुप्ता उम्र 90 वर्ष का निधन 23 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास ब्लॉक नंबर 9 प्लाट नंबर 9 नेहरू नगर पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर के पास स्थित निवास से 24 जनवरी को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. केआर गुप्ता की पत्नी थीं।

### मुन्नी देवी

**भिलाई।** सीएससीएस के वरिष्ठ



क्रिकेट अंपायर राणा प्रताप सिंह की मां मुन्नी देवी उम्र 81 वर्ष का निधन 22 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जनवरी को सुबह 10.15 बजे हरी नगर कातुल बोर्ड, जय पब्लिक स्कूल के पास से शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे परसराम सिंह की पत्नी एवं विजय प्रताप सिंह की मां थीं।

### लालचंद शाही

**भिलाई।** जामुल नगर पालिका



गणेश नगर वार्ड 5 निवासी लालचंद शाही उम्र 68 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे निवास से जामुल मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### सुरेश कुमार शर्मा

**भिलाई।** फ्लैट नम्बर 401, सी ब्लॉक द्वारिकापुरी, पोटियकला दुर्ग



निवासी 68 वर्षीय सुरेश कुमार शर्मा का निधन 23 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। वें डॉ. मीना शर्मा के पति, प्रीति श्रोती, रश्मि शर्मा एवं यश के पिता थे।

## रामोत्सव : ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में हुए विविध आयोजन

# भक्ति में डूबे रामभक्तों ने मनाया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अयोध्या में संपन्न हुए राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विभिन्न स्थानों पर आयोजित अनेक रामोत्सव के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। नगपुरा, बोरई, निकुम, जंजगिरी, उमरपोटी, चिरपोटी, अंडा, दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक हनुमान मंदिर, पुलगांव नाला हनुमान मंदिर में पहुंचकर विधायक ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ललित चंद्राकर ने उपस्थित जनों को अयोध्या में बने राम मंदिर व श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, नंदकुमार सेन, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, रघुपति पियासू, सुखदेव देवांगन, सखाराम साहू ,चेतन यादव, राम सिंह ढीमर, दिलीप यादव समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

*अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को भव्य बनाने ग्रामीण व शहरों के सभी छोटे-बड़े स्थानों में भव्य आयोजन किए गए। इस ऐतिहासिक अवसर पर कही कलश यात्रा निकाली गई तो कही भजन संध्या का आयोजन किया गया। राम भक्तों का उत्साह हर गली मौहल्लों में भी दिखाई दिया। युवाओं द्वारा महाभंडारे का भी आयोजन किया गया था।*

### हम सब का सौभाग्य है कि इस पल के साक्षी बनेः विधायक



### हनुमान गढ़ी मंदिर में बांटी खीर-पूड़ी प्रसाद



**भिलाई।** नेताजी सुभाष रोड रामनगर स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर में श्री हनुमान गढ़ी सेवा समिति के तत्वावधान में दीपोत्सव, भजन संध्या व महाभंडारे का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर प्रमुख रुप से मंदिर के पुजारी पं राघवेंद्र पांडेय, विजय खन्ना, सुशील शर्मा, वाल्मीकि त्रिपाठी, विलास अरुड़कर, नरेश मंडल, संतोष तिवारी, सावन परिहार, पुष्कर बघेल, शैलेंद्रकांत सक्सेना, मेघलाल बिसेन, कुंजबिहारी शर्मा, राकेश तिवारी सहित मोहल्ले वासियों का योगदान रहा। मंदिर प्रांगण में महिला, पुरुष, बच्चें व युवाओं दवरा 1500 दीपक जलाकर चहुं ओर रौशनी से जगमग किया गया साथ ही युवाओं दवरा खीर, पुड़ी का प्रसाद बांटा गया।

### भगवान राम की रंगोली रही आकर्षण का केंद्र

**भिलाई।** सतीश साहू ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिनकी रंगोली आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हनुमान चालीसा भजन कीर्तन किया गया। साथ ही साहू समाज ने 501 लड्डू से श्रीराम को भोग लगाया और प्रसाद वितरण किया गया। कबीर नगर दुर्ग में भी दीपोतस्व मनाया गया। वार्डवासियों ने कबीर मंच में 5100 हजार दीप जलाकर भगवान श्रीराम की पूजा की।



### चहुं ओर रही रामोत्सव की धूम, मंदिरों में हुई पूजा अर्चना

**सेलूद।** अयोध्या में श्री राम लला की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पाटन ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सुबह से लेकर



देर रात तक कार्यक्रम जारी रहा। पाटन ब्लॉक के ग्रामों में सुबह से मानस गान की प्रस्तुति के साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। नगर पंचायत पाटन के राम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जहां पूजा-अर्चना के बाद शाम को दीप जलाकर पूजा अर्चना के साथ महा आरती भी की गई। पाटन ब्लॉक के अनेक गांव में हुए आयोजन में सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। ग्राम छाटा में भी राम उत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया गया। जहां श्री राधा कृष्ण के प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान से की गई। इस दौरान विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सांसद विजय बघेल भी मौजूद रहे। सासंद का सम्मान आयोजन समिति के युवाओं द्वारा किया गया। इससे पहले दुर्गा मंच पर राम नाम के दीपक भी जलाए गए। वहीं श्री राम संकीर्तन यात्रा निकाली गई। जिसमें महिला, पुरुषों एवं युवाओं ने हजारों की संख्या में उपस्थित होकर आयोजन में अपना योगदान दिया।

### हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का हुआ पाठ

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के पुलिस चौकी अंजोरा के हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-पाठ करके हनुमान चालीसा व सुन्दर कांड का पाठ किया गया। जिसके बाद महा आरती कर ग्रामीण जनों को महाप्रसादी का वितरण किया गया है। इस अवसर पर चौकी प्रभारी रामनारायण ध्रुव, सउनि योद्धा देशमुख, आर आशीष, कृष्ण कुमार, बिहारी राम, आर बृजमोहन, टोमन, योगेश, उदय, सुनील, लक्ष्मण, हिरेंद्र, आर घनीता, लोमन सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### 511 दीप प्रज्वलित कर मनाया दीपोत्सव

**भिलाई।** साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आदर्श सिंध ब्रादर मंडल व साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली के द्वारा सिंध के अमर शहीद हेमू कालाणी की शहादत को याद कर दो मिनट का मौन धारण करके मनाया गया। साम्प्रदायिक



सौहार्द के साथ राष्ट्र हित में जीवन जीने की शपथ भी ली गई। साईं झूलेलाल की आरती, अरदास व पल्लव के साथ भगवान राम के जयघोष के साथ उनकी महिमा के भजन भी गाये गये। इस अवसर पर मंदिर में जय श्रीराम की प्रतिकृति बनाकर 511 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी, महासचिव राजकुमार पिनयानी, संरक्षक सुभाष भगत, मनोज माखीजा, प्रकाश थारवानी, पुरुषोत्तम वलेचा, अनिल थारवानी व साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव, लता मेहरचन्दानी, वंदना कृष्णानी, कमला भगत, अंजली कृष्णानी, माया थारानी, मोहिनी थारवानी, सुमन थारवानी, थारवानी,अलका थारवानी, निकिता लालवानी आदि उपस्थित थे।

### निकाली गई कलश यात्रा



**जामगांव आर।** अयोध्या में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर गातापार में प्रत्येक घरों व मंदिरों में दीप जलाकर दीपदान किया। इस अवसर पर पीले रंग के ड्रेस कोड में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। लालेश्वर साहू, टेसराम साहू, देवेंद्र साहू ने बताया कि घर घर में दीप मलिका भगवान राम के प्रतिष्ठित होने के संकेत देते हुए हर राम भक्त के मन को प्रसन्नता से सराबोर करती रही।

### हजार दीयों से माताधाम मंदिर हुआ ज्योतिर्मय

**भिलाई।** अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सेक्टर-7 स्थित माताधाम मंदिर में सुबह और शाम को विधिविधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भावविभोर होकर जय सियाराम और जय



हनुमान के जयकारे लगाने से आसपास का वातावरण राममय हो गया। मंदिर प्रांगण में पंडित पी साईं प्रसाद द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच यज्ञ-हवन भी संपन्न कराया गया, जिसमें यजमान के तौर पर ई आदि नारायण, मोहनराव और सी श्रीनिवास दंपति सहित बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर की विशेष रूप से सजावट की गई। प्रांगण में 1000 दीयों और फूलों से जय श्रीराम लिखा गया, जिससे पूरा मंदिर ज्योतिर्मय हो गया। परिसर में आतिशबाजी होने से नजारा दीवाली-सा लगा। इस मौके पर भोग वितरण भी किया गया।

### बीएमएस ने आतिशबाजी कर मनाया दीपोत्सव

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ कार्यालय के महामन्त्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ भगवान श्रीराम एवं भगवान हनुमान के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर आरती की। इस दौरान राम के नाम का दीप सभी ने मिलकर प्रज्वलित कर आतिशबाजी कर दीपावली मनाई गई। इसी बीच जय श्रीराम के नारों के साथ जयघोष हुआ। इसके बाद



भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह, संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा , हरीशंकर चतुर्वेदी, अनिल गजभिये, जोगिंदर कुमार, भूपेन्द्र बंजारे, गौरव कुमार, रवि चौधरी कोषाध्यक्ष, प्रकाश अग्रवाल,उपाध्यक्ष आईपी मिश्रा, शारदा गुप्ता, सन्नी ईपपन, कैलाश सिंह, सुरेंद्र चौहान, जगजीत सिंह, सचिव वेंकट रमैया, नवनीत हरदेल, पूरन लाल साहू, अरविंद कुमार सिंह, प्रकाश सोनी, संजय कुमार साकुरे, प्रशांत मिश्रा, ईश्वर साहू, अनिल बिसेन, वेंकट, अखिलेश उपाध्यक्ष, रूद्र मूर्ति, सुबोधित सरदार आदि उपस्थित थे।

### रामचरित मानस पाठ का आयोजन



**अंडा।** मां शीतला मंदिर अंडा में रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें दाऊ राधेश्याम चंद्राकर, दाऊ पुकेश चंद्राकर, अमित चंद्राकर उपसरपंच सहित ग्राम बैगा उपस्थित थे। शीतला मंदिर में श्री रामभक्त मानस मण्डली ग्राम अण्डा के सदस्य संजू यादव, महेंद्र पटेल, तेज चौहान, बिसौहा साहू, तेजराम चंद्राकर, गैंदु चंद्राकर, तेजराम निर्मलकर, बलदाऊ चौहान, यशवंत चंद्राकर, यशवंत सिन्हा द्वारा संगीतमय रामायण की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के टीकाकार संजू यादव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

### बोरई में हुआ रामलीला व जगराता



**अंडा।** ग्राम बोरई में रामोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए निकाली गई। शाम को महा आरती, भजन कीर्तन रामलीला और दीप प्रज्वल कर जगराता का आयोजन गया था। जहां राम भक्तों का ताता लगा रहा और गांव का बच्चा-बच्चा पूरे जोश शोर के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू, ठवेंद्र यादव, राजू यादव सहित अनेक जन उपस्थित थे।

### एंजेल वैली स्कूल में प्राण प्रतिष्ठा पर हुए विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** एंजेल वैली स्कूल में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं राम और सीता बनकर उपस्थित हुई। कला शिक्षिका के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई श्री राम मंदिर थीम पर चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ. एके मौर्य, सुष्मिता दास एवं प्रबंधक ने अतिथियों आचार्य का स्वागत किया। धर्माचार्य अंकित शर्मा के नेतृत्व में पवित्र अग्नि में आहुति डाली गई। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि आज अयोध्या राम मंदिर में श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। राम आदर्श के लिए जाने जाते हैं। राम ने शबरी के बेर खाए थे सुग्रीव को गले लगाया था। हम सबको श्रीराम से यही गुण सीखना चाहिए। श्रीराम ने शबरी के भावों का मूल्य समझा था। आज भावनाओं



का मूल्य नहीं है। श्री राम को धर्म का विग्रह स्वरूप कहा गया है। आचार्य ने कहा कि राम राष्ट्र के सच्चे नायक हैं। राम की पूजा का अर्थ है दक्षिण से लेकर भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक भारत की एकता को अक्षुण्ण बनाए रखना। नारी की गरिमा का सम्मान करना। माता-पिता के लिए समर्पित रहना। कार्यक्रम में आचार्य अंकित शर्मा एवं डॉ. अजय आर्य का विशेष स्वागत किया गया।

## बिजनेस साइट

### प्रिज्म कॉलेज में मनाया वार्षिक उत्सव



**सेलूद।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक उत्सव शिखर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। संस्था प्रमुख रुपेश कुमार गुप्ता ने मंचस्थ अथितियों को सम्बोधित किया। जिसमें इंटर कॉलेज कंपीटीशन के तहत एकल और समूह श्रेणी में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मेहंदी, रंगोली, फ्लावर बुके मेकिंग, क्विज कॉमेप्टिशन और बिजनेस प्लान आदि आयोजित किया गया। जिसमें शास. तुलाराम कॉलेज, बीआईटी, साईं कॉलेज, स्वामी स्वरूपानंद के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संध्याकालीन बेला में सांस्कृतिक तथा ली डी फाइल फैशन शो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मिस्टर और मिस प्रिज्म, फेस ऑफ़ द क्राउड, बेस्ट पर्सनैलिटी, बेस्ट कॉस्ट्यूम का चयन प्रबुद्ध जजेस के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर ख्याति साहू ने बताया कि, संस्था के प्रशासनिक प्रमुख प्रकाश कश्यप के द्वारा प्रखर प्रतियोगिता ,ग्रामीण छात्रों को उनके भविष्य निमार्ण हेतु परीक्षाओं के माध्यम से मार्गदर्शित और निर्देशित करने हेतु किया जाता है। जिसमें पाटन क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद स्कूल के 550 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए एवं सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। महकाखुर्द की ग्रामीण स्व सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु इंदु का संचालन प्रिज्म कॉलेज के द्वारा किया जाता है इसके तहत विजय बघेल के हाथों इंदु बहनों को सम्मानित किया गया। संपूर्ण शिखर का संचालन प्रबन्धन डिपार्टमेंट की प्राध्यापिका मेरिना और प्रियंका के द्वारा किया गया। साथ ही विजेता प्रतिभागियों को संस्था की प्राचार्य के द्वारा शील्ड और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

### सांकरा में लोधी समाज का आयोजन, स्वागत कर की आतिशबाजी

**पाटन।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के पाटन आगमन पर ग्राम सांकरा में लोधी समाज द्वारा स्वागत कर आतिशबाजी की गई। इस दौरान छग लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, नवनिर्वाचित प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, जागेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे। सभी ने वीरांगना अवंती बाई लोधी अमर रहे, जय लोधेश्वर के नारे लगाए।



कार्यक्रम में लोधी समाज के सुरेश सिंगौर, कमलेश सिंगौर, रवि सिंगौर, शिवकुमार सिंगौर, खुमान सिंगौर, संतोष सिंगौर, मनहरण सिंगौर, बसंत सिंगौर, प्रदीप सिंगौर, तुलेश सिंगौर, कामता सिंगौर, जितेंद्र सिंगौर, मुकेश सिंगौर, नागेश सिंगौर, वरुण सिंगौर, सरोज सिंगौर, कुंवारिया सिंगौर, निर्मला सिंगौर, भिनेशवरी सिंगौर, उजाला सिंगौर सहित अन्य समाज के प्रमुख जन उपस्थित थे।

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**भिलाई।** अग्रसेन चौक दुर्ग में रामलला की शोभा यात्रा निकाली गई और हवन भंडारा, भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। यह जानकारी अग्रसेन चौक दुर्ग मंदिर के पंडित ने दी।



## पायनियर मॉन्यूमेंट की आकृति पर स्थापित किया गया है स्टील का चांद

# जामा मस्जिद के गुंबद पर 'भिलाई की पहचान' के साथ लगा चांद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जामा मस्जिद सेक्टर-6 का सौंदर्यीकरण इन दिनों जारी है। यहां गुम्बद में भिलाई की पहचान पायनियर मॉन्यूमेंट की आकृति के साथ स्टेनलेस स्टील का भारी चांद लगाया है। आर्किटेक्ट हाजी एमएच सिद्दीकी ने खास तौर पर यह चांद बिहार के सीवान में तैयार करवाया है और इसे पिछले हफ्ते ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी की छठी शरीफ के मुबारक मौके पर गुम्बद के उपर लगाया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी और शानदार मस्जिदों में जामा मस्जिद सेक्टर-6 का शुमार होता है। एक साथ यहां करीब पांच हजार से ज्यादा लोग नमाज अदा कर सकते हैं।



खास बात यह है कि दुनिया की इकलौती ऐसी पहली मस्जिद है, जिसका आकार अरबी शब्द 'या अल्लाह' से तैयार किया गया है। गुम्बद के आगे अरबी में 'या अल्लाह' लिखा हुआ है, जो दूर से भी साफ नजर आता है। जामा मस्जिद कमेटी इन दिनों मस्जिद का सौंदर्यीकरण करवा रही है।

आर्किटेक्ट हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि हाई ग्रेड स्टील को हर जगह विशेष मोड़ देकर इस चांद को बनवाया गया है। इसके नीचे स्टील का कलश है और उसके नीचे भिलाई के प्रतीक के तौर पर पायोनियर मान्यूमेंट सिविक सेंटर बनाया गया है। हाजी सिद्दीकी ने बताया कि पहले यहां मार्बल का चांद बना कर लगाया गया था जो वक्त के साथ जर्जर और रंगहीन हो चुका था। इसलिए उन्होंने पहल करते हुए यह चांद खास तौर पर बनवा कर लगवाया है। हाजी सिद्दीकी ने कहा कि 'या अल्लाह' जामा मस्जिद की अपनी अलग पहचान है। इसमें पायनियर मॉन्यूमेंट की आकृति इसलिए लगाई गई है कि दुनिया भर में कहीं भी लोग हमारी मस्जिद की तस्वीर देखें तो इसके साथ उन्हें भिलाई स्टील प्लांट की भी याद ताजा हो जाए।

### कमेटी करवा रही सौंदर्यीकरण

जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सौंदर्यीकरण व विस्तारीकरण का कार्य भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की निगरानी में चल रहा है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों में सदर हाजी जमील अहमद, नायब सदर हाजी एम आर अंसारी, मकसूद अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, हाजी अब्दुल हक, अब्दुल जाकिर खान, सेक्रेटरी हाजी मिर्जा अशरफ बेग, नायब सेक्रेटरी मोहम्मद मुर्तजा हुसैन, मिर्जा आसीम बेग, मोहम्मद इमरान खान, हाजी नूर मोहम्मद सिद्दीकी, खजांची सैयद हुसैन, नायब खजांची मोहम्मद अजहर, मेंबर हाजी मोहम्मद हमीदुल्लाह, सैयद आतिफ अली, असदुद्दीन हैदर, जफर जावेद, अब्दुल तहूर पवार, हाजी जुल्फिकार अहमद, शाहिद हुसैन, मोहम्मद अलीम सिद्दीकी, हाजी एमएच सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद जमीर, जुल्फिकार अली, हाजी अरमान बेग, शेख जमील कुरैशी, हाजी अब्दुल शाहिद खान, फत्ते मोहम्मद, शेख वाहिद अहमद, निजामुद्दीन खान, शमीम अहमद, हाजी अब्दुल कलाम नियाजी, अब्दुल रफीक, मोहम्मद मुमताज अली, मोहम्मद इलियास, अब्दुल नसीम खान और शमशेर खान इस वृहद स्तरीय कार्य को अंजाम देने जुटे हुए हैं।

न्यायालय अपर कलेक्टर जिला- दुर्ग (धमधा /पाटन)

**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

पुनरीक्षण प्र.क. 202307103100006/48/ अ-12 वर्ष 2022-23

श्री त्रिभुवन लाल चौधरी, आ.स्व. जगन चौधरी निवासी ग्राम पोस्ट लिमतरा तहसील, अहिवारा जिला दुर्ग हाल मुकाम प्लाट नबंर के. 2/34 जोन-02 मार्केट हनुमान मंदिर के सामने सेक्टर-11 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग ...वादी/पुनरीक्षणकर्ता

प्रति, हरिशंकर मढरिया, आ. टी.एच. मढरिया निवासी ग्राम पोस्ट लिमतरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) ...अनावेदक / उत्तरवादी

उपरोक्त वादी/पुनरीक्षणकर्ता द्वारा इस न्यायालय में नायब तहसीलदार अहिवारा के रा.प्र.क. 202301102800022/ अ-12 वर्ष 2022-23 में सीमांकन प्रतिवेदन के पारित आदेश दिनांक 25.01.2023 से क्षुब्ध होकर पुनरीक्षण पेश किया है। प्रस्तुत पुनरीक्षण पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिध्दांत की अवधारणा के तहत अनावेदक / उत्तरवादी / को इस न्यायालय द्वारा निवासी ग्राम पोस्ट लिमतरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग के पते पर रजिस्टर्ड सूचना जारी की गई थी, किन्तु अनावेदक/उत्तरवादी अनुपस्थित रहा। चूंकि अनावेदक / उत्तरवादी को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है।

अतएव इस समन के जरिये अनावेदक उत्तरवादी को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 31.01.2024 अपर कलेक्टर, दुर्ग (धमधा /पाटन) के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 17.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया। (मुहर) न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों के चित्रों की प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के तत्वाधान में नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में 24 से 28 जनवरी 2024 तक सुरक्षा सम्बंधित चित्रें की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन मुख्य अतिथि ममता सारंगी एवं विशेष अतिथि सुनीता सारदा द्वारा किया जाएगा। संयंत्र में सुरक्षा माह पर संयंत्र के विभिन्न विभागों में सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। शालेय विद्यार्थियों के लिए "सुरक्षा" थीम पर केंद्रित एक ड्रइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का अयोजन सुनीति उद्यान सेक्टर-8 में किया गया था। प्रतियोगिता के चयनित चित्रों को नेहरु गैलरी में प्रदर्शित किया जा रहा है।प्रदर्शनी आम जनता के लिए 24 से 28 जनवरी तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक खुली रहेगी।

### जेवरात समेत मकान से नकदी पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** शादी समारोह में गए परिवार के मकान में सोना, चांदी के जेवरात और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मकान 89 बत्तीस एकड़ हाऊसिंग बोर्ड निवासी रंभा सिंह विवाह समारोह में धमधा रोड पर स्थित महिन्द्रा रिसार्ट दुर्ग परिवार समेत गए हुए थे। इस दौरान मकान में ताला लगा हुआ था। समारोह खत्म होने के बाद दूसरे दिन सुबह अपने घर पहुचने पर देखे मकान के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सामने सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी 15 हजार रुपए पार कर दिया है। चोरी हुए सामानों की कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है।

### ज्वेलरी शॉप से डेढ़ किलो चांदी पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** ज्वेलरी शॉप का शटर को



तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 120बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 4 पाटन निवासी मनहरण लाल देवांगन की बाजार चौक स्थित पाटन में मोती ज्वेलर्स नामक दुकान है। 21 जनवरी की रात 8 अज्ञात ने शटर का ताला तोड़कर डेढ किलो चांदी पार कर दिया है। सुबह अपने शॉप में पहुचने पर शटर खुला मिला। अज्ञात ने काउंटर टेबल के उपर चांदी का डिब्बा, सामान बिखरा पड़ा मिला। चोरी हुए सामनों कीमत 98 हजार रुपए आंकी गई है। शॉप के भीतर लगे सीसी कैमरे में चोरी करने वालों का सारा हरकत दिखाई दे रहा है। रात 3.25 बजे सिलवर रंग की कार दुकान के बाहर खड़ी दिख रही है। कार से 8 युवक निकलकर शटर तोड़ने सब्बल समेत अन्य सामान लेकर पहुचे थे। कार के डिक्की से औजार निकाल रहे थे। चोर पहले शटर को उठाकर और दीवाल किनारे शटर को तोड़कर 3 दुकान के भीतर घुसे उसके बाद सोना चांदी के जेवरात का डिब्बा कार में रखते हुए कैमरे में कैद हुए है।

## आयोजन : सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनी

# नेताजी के आदर्शों से लें प्रेरणा

*देश की स्वतंत्रता के लिए तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसा प्रेरक नारा देने वाले महान क्रांतिकारी सपूत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती आज शहर में पराक्रम दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों व संस्थानों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर देश की आजादी के लिए उनके त्याग का भावभीना स्मरण किया गया। नेताजी सुभाष चौक पर भी कार्यक्रम हुआ । जन प्रतिनिधियों और नागरिकों ने नेताजी को देश का सच्चा सपूत बताते हुए उनके आदर्शों और सपनों का देश बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूलों में भी विविध आयोजन हुए और नेताजी सहित देश के लिए मर मिटने वाली क्रांतिकारियो को निहस्वार्थ बलिदान को याद किया गया।*

### युवाओं ने निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भिलाई बंगाली समाज द्वारा मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई। ये रैली हुडको कालीबाड़ी से प्रारंभ होते हुए नगर भ्रमण कर नेहरू कल्चरल हाउस सेक्टर 1 पहुंची। प्रभात फेरी का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। वहीं सेक्टर-1 पहुंचने पर मिलन संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस प्रभात फेरी में सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे बच्चे से लेकर बूढ़े सभी शामिल थे।

### सब्जी मंडी पावर हाउस में आयोजन



**भिलाई।** नेताजी सुभाष सब्जी मंडी पावर हाउस केम्प 2 भिलाई में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती समिति के सदस्य के द्वारा मनाई गई। सर्वप्रथम समिति के सदस्यों के द्वारा सब्जी मंडी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बस की मूर्ति की साफ सफाई के पश्चात पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित जनों के द्वारा नेताजी के दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात सदस्यों के द्वारा आमजनों के मध्य प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान त्रिलोचन सिंग अरविन्द गुप्ता, गोविन्द सिंह राजपूत, रवि सिंग, राकेश गुप्ता, रामरतन गुप्ता, रतन अग्रवाल, टूनटून शाह, संजीवन गुप्ता, रामविलास, भीमराव काका, विकी शाह आदि मौजूद थे।

### बोस ने आजाद हिंद फौज का किया था गठन



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने भिलाई के दक्षिण गंगोत्री प्रियदर्शनी परिसर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल ने बताया कि नेताजी का जीवन उनके आदर्श पर चलकर हम सबको अपनाना चाहिए। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फ्रौज का गठन किया। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। इस अवसर पर बंगाली समाज के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता,वर्कर्स यूनियन,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,संजय सेन, तापस चक्रवर्ती, मनीष डेय, पीके नंदी, शिबू राय, दिलीप चटर्जी, प्रसंजीत दास, इंद्रघोष, कमल सरकार,भानु प्रताप राजभर, शुभाशीष बैनर्जी, प्रेम शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

# रेलवे ने शुरु किया अयोध्या जाने के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रेलवे ने यात्रियों के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। रेलवे ने 6 आस्था स्पेशल ट्रेन चलाएगी। जिसकी शुरूआत में पहली ट्रेन 31 जनवरी से शुरु किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे के इस फैसले से राम धाम अयोध्या जाने के भक्तों के लिए बेहतर सुविधा साबित होगी। वर्तमान में जो ट्रेनें अयोध्या जाती है उसमें बहुत ज्यादा ही भीड़ रहती है। जिसको ध्यान में रखते हुए आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। एसईसीआर के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, अनूपपुर स्टेशन से शुरू होने वाली ये ट्रेनें गोंदिया से रवाना होगी। बिलासपुर-अयोध्या-बिलासपुर एक फेरा ट्रेन संख्या 08213 गोंदिया से अयोध्या के लिए 31 जनवरी व 25 फरवरी को सुबह 10.5 बजे छूटेगी। ट्रेन 24 घंटा 30 मिनट में 1041 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। ट्रेन को 19 स्टेशनों में ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन ट्रेन 08214 वापस 2 और 27 फरवरी को गोंदिया के लिए अयोध्या से शाम 7.55 बजे रवाना होगी। ट्रेन संख्या 08207 बिलासपुर से अयोध्याधाम के लिए 18 फरवरी को दोपहर शाम 5.40 छूटेगी। 19 घंटा 30 मिनट में ट्रेन 761 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। ट्रेन को रूट के कुल 14 स्टेशनों में स्टापेज दिया गया है। ट्रेन 08208 वापस 20 फरवरी की शाम 7.55 बजे बिलासपुर के लिए रवाना होगी। ट्रेन संख्या 8211 अनूपपुर से अयोध्या के लिए 21 फरवरी की शाम 5.40 बजे छूटेगी। 16 घंटे 55 मिनट में 607 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। ट्रेन का कुल 11 स्टेशनों में रूकेगी। 23 फरवरी को 8212 गाड़ी संख्या अनूपपुर के लिए शाम 7.55 बजे रवाना होगी।

■ 31 जनवरी से शुरु होगा ट्रेन

### चोर से 4.30 लाख रुपए की बाइक जब्त

**भिलाई।** अंतर जिला बाइक चोर से पुलिस ने सात महंगी बाइक बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि भिलाई नगर, जामुल,मोहन नगर, चौकी प्रभारी स्मृति नगर क्षेत्र में हुए बाइक चोरी को लेकर टीम बनाई गई। पुलिस ने भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन महाराणा प्रताप भवन के पीछे रहने वाले भगवान दास उर्फ खरगोश चोरी की बाइक बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था। इस दौरान भगवान दास को घेराबंदी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि सेक्टर 9 अस्पताल स्टैण्ड, सेक्टर 7 मार्केट, कुरूद साप्ताहिक बाजार जामुल, धमधा नाका शराब भट्टी के पास मोहन नगर, स्मृति नगर दीन दयाल कालोनी से अलग अलग समय में 7 नग बाइक चोरी करना स्वीकार किया। जिसे छीपाकर अलग स्थानों पर रखा हुआ था। निशानदेही पर पुलिस ने 7 बाइक जप्त किया है। जिसकी कीमत 4.30 लाख रूपये आंकी गई है।

# घनश्याम सार्थक कवि हैं: मदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जन संस्कृति मंच, दुर्ग-भिलाई के तत्वावधान में कवि घनश्याम त्रिपाठी के द्वितीय काव्य संग्रह 'जो रास्ता संघर्षमय होता है' पर समीक्षा गोष्ठी का आयोजन कल्याण महाविद्यालय में हुई ।

मुख्य अतिथि कवि मदन कश्यप ने दिल्ली ने कहा आज जब हिंदी कविता अपनी सामूहिकता में ढलान पर है, ऐसे में संघर्ष और विचार के साथ घनश्याम त्रिपाठी आगे बढ़ रहे हैं। उनकी कविताओं में शुरू से आखिरी तक वैचारिक संघर्ष दिखाई देता है।अध्यक्षीय वक्तव्य में कवि नासिर अहमद सिकंदर ने कहा घनश्याम ने अपनी कविताओं में बदलते समय के नए यथार्थ को संजीदगी से पकड़ा है। किसानों और मजदूरों पर जो शोषण और दमन है, उसकी अभिव्यक्ति कवि की कविताओं में हुई है। आलोचक सियाराम शर्मा ने कहा कि घनश्याम त्रिपाठी की कविताएं मनुष्यता को वापस लौटाने की कविताएं हैं। उनकी कविताओं में हमारा समय और समाज पूरी तरह से उभरकर सामने आता है। कैलाश बनवासी ने आलेख पठन किया। मीता दास व एन पापाराव ने भी विचार वक्यक्त किए । गोष्ठी का संचालन अशोक तिवारी व आभार प्रदर्शन सुरेश वाहने ने किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार व श्रोतागण उपस्थित थे जिनमें अभिषेक पटेल, राजकुमार सोनी, लोकबाबू, परमेश्वर वैष्णव, अम्बरीश त्रिपाठी, विमलशंकर झा, विद्याभूषण, शरद कोकास, मुमताज, छगनलाल सोनी, प्रदीप भट्टाचार्य, शिवनाथ शुक्ल, बृजेन्द्र तिवारी, सुलेमान खान, आदि प्रमुख रूप से शामिल।

■ जन संस्कृति मंच का आयोजन

## सांसद ने कहा - शक्तिमान होते तो छग में ना हारते

# शेर जैसे हिमंता को गीदड़भभकी न दें भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के असम के सीएम के खिलाफ दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



■ भूपेश सर्वशक्तिमान होते तो पाटन में उन्हें गली-गली घूमकर रूपया नहीं बहाना पड़ता

उन्होंने कहा है कि विधानसभा चुनाव में खुद को सर्वशक्तिमाान बताने वाले कांग्रेस नेता का खुद के गढ़ में मुंहकी खाने के बाद भी बड़बोलापन कम नहीं हुआ है। वे अपनी गीदड़भभकी से बाज आएं वरना हमारे सीएम हिमंता बिस्वा सरमा जैसे शेर से टकराने पर गीदड़ की तरह दुम दबाकर भागना पड़ेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को असम में सीएम हिमंता द्वारा रोके पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उन्हें डरपोक सीएम बताते हुए अपने गौहाटी पहुंचने और मोर्चा संभालने संबंधी बयान दिया था। इस पर पलटवार करते हुए सांसद और भाजपा नेता विजय बघेल ने जारी बयान में कहा कि विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल को जनता द्वारा नकारे गए अभी डेढ़ महीने भी नहीं हुआ है कि उनका बड़बोलापन फिर शुरु हो गया है। असम के कद्दावर सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को चुनौती देने वाले भूपेश यदि इतने ही सर्वशक्तिमान होते तो उन्हें अपने ही विधानसभा क्षेत्र पाटन में चुनाव जीतने दिन रात गली गली घूमकर डेढ़ सौ करोड़ रुपए पानी की तरह नहीं बहाना पड़ता। यदि वे इतने ही शक्तिमान होते तो वे घर बैठे चुनाव जीत जाते। छत्तीसगढ़ में अराजकता फैलाने वाले भूपेश बघेल के इसी अहंकार से भाजपा को कांग्रेस जैसे पापियों का नाश करने का हौसला दिया। रामजी ने उनका पहले ही वध कर दिया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि अपना और अपनी पार्टी का अस्तित्व बचाने निकली राहुल गांधी की यात्रा को असम के सीएम हिमंता ने गुवाहाटी शहर के अंदर से गुजरने की अनुमति इसलिए नहीं दी क्योंकि ट्रैफिक जाम से जनता को परेशानी होती। खुद को सर्वशक्तिमान बताने वाले भूपेश शेर जैसे हमारे सीएम को गीदड़भभकी न दें, नहीं दो गीदड़ की तरह दुम दबाकर अपने दड़बे में लौटना पड़ेगा।

श्री बघेल ने कहा कि पीएम मोदी ने अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा करवाकर पूरे देशवासियों का 528 साल का सपना पूरा किया है। जहां धर्म, अध्यात्म और देशप्रेम का संगम हो जाता है तो उस देश की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता है। भारत फिर से विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है।

# सुरडुंग में शिव और रामजी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ संतोषी चौक व सुरडुंग में निकाली गई शोभायात्रा

नपा जामुल सुरडुंग क्षेत्र में जय श्रीराम हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारे के साथ जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कलश लिए महिलाओं ने नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली।

अयोध्या में श्री रामलला के नये मंदिर के विराजमान कार्यक्रम के अवसर पर संतोषी चौक एवं सुरडुंग में भगवान राम के सोलह फीट ऊंची प्रतिमा एवं भगवान शिव के विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय, अध्यक्षता विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने किया। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि ऐसे ही धार्मिक आयोजन होता रहे जिसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर एवं उनके सहयोगी साथियों को बधाई। कार्यक्रम में पार्षद खम्हन ठाकुर, दीपक गुप्ता, कविता विश्वाल, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, राम दुलार साहू व यशवंत सिंह ठाकुर, खिलावन साहू, हेमन्त देवांगन, संजय शर्मा, लवली सिंह, मनीष साहू, अश्वनी यादव, आत्मा राम वर्मा, विशेश्वर वर्मा, तुला राम टंडन, टीकम निषाद, रश्मि वर्मा, बाली बर्मन, दिलीप सिंह, आलोक सिंह, दुर्योधन साहू, प्रदीप सिंह, लल्लन सिंह आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य शिविर में जांच कर बांटी गई दवाई

**अंडा।** मुख्यमंत्री बाल संदर्भ सेवा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 संकटग्रस्त बच्चों का स्वास्थ्य जांच करवाकर दवाई वितरण कर बच्चों की सिकलिन जांच की गई जिसमें एक बच्चा सिकलिन पॉजिटिव पाया गया। बच्चों को कुपोषित से सुपोषित करने पालकों को परामर्श दिया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301




